# वनरक्षक भर्ती परीक्षा: दूसरे की जगह परीक्षा देने वाले तीन जनों को पकड़ा

## शक होने पर आईडी कार्ड की गहनता से जांच कर गिरफ्तार करने की कार्रवाई की



मथुरा गेट थाना पुलिस ने फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा।


**भरतपुर, (निसं)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा के पेपर में किसी अन्य की जगह परीक्षा दे रहे तीन फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंधान में जुटी हुई है।

मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित महाराजा बदन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय एवं प्रीतम कौर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक में रविवार को हुई वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा में तीन फर्जी अभ्यर्थी किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा दे रहे थे। जब पर्यवेक्षक को फर्जी अभ्यर्थियों पर शक हुआ तो, उन्होंने फर्जी अभ्यर्थियों के आई कार्ड की गहनता से जांच की जिसके बाद तीन फर्जी अभ्यर्थियों को मथुरा गेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

फिलहाल पुलिस इस मामले के असली अभ्यर्थियों की तलाश कर रही है। महाराजा बदन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भरतपुर के फतेहपुर कला के रहने वाले मुख्त्यार की जगह आगरा निवासी प्रदीप सिंह पेपर दे रहा था। जब पर्यवेक्षक को डमी अभ्यर्थी पर शक हुआ जो उन्होंने असली अभ्यर्थी और डमी अभ्यर्थी के फोटो और सिग्नेचर मिलाए जिस पर डमी अभ्यर्थी पकड़ा।

इसी प्रकार आरडी गर्ल्स कॉलेज में जिले के नगला ग्यासीया के रहने वाले निर्भान सिंह की जगह डमी अभ्यर्थी प्रेम प्रकाश बाड़मेर निवासी पेपर दे रहा था। शक होने पर पर्यवेक्षक ने उसे पकड़ा और पुलिस को मौके पर बुलाकर मथुरा गेट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। इसी प्रकार किला स्थित प्रीतम कौर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नदबई के नगला धुनइ गांव के रहने वाले उपेंद्र कुमार की जगह बाड़मेर जिले के गुड़मलानी का रहने वाला युवक शंकर लाल पेपर दे रहा था। पर्यवेक्षक को शक होने पर उन्होंने फर्जी अभ्यर्थी और असली अभ्यर्थी की फोटो और सिग्नेचर मिलाए। लेकिन जब असली अभ्यर्थी से नकली अभ्यर्थी के सिग्नेचर और फोटो नहीं मिले तो उन्होंने मथुरा गेट थाना पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाकर डमी अभ्यर्थी को पुलिस के हवाले कर दिया।

### वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा में नकल करते अभ्यर्थी पकड़ा



आरोपी विक्रम बुरा

**उदयपुर, (कासं)।** वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा की चतुर्थ पारी में परीक्षा केंद्र आलोक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय फतेहपुरा बदला रोड से एक अभ्यर्थी विक्रम बुरा निवासी हिसार (हरियाणा) को नकल करते पकड़ा गया है। एडीएम ओ पी बुनकर ने बताया कि परीक्षार्थी के निकट से निरंतर माइक्रोफोन स्पीकर जैसी आवाज आ रही थी।

शक होने पर कांस्टेबल द्वारा जांच की गई तो अभ्यर्थी के पास से एक ब्लूटूथ डिवाईज बरामद हुआ। अभ्यर्थी को हिरासत में लिया गया है एवं नियमानुसार जांच की जा रही है।

# पथराव कर ऑन लाइन ठगी के आरोपी को छुड़ाया

## इटावा पुलिस का उपनिरीक्षक मुंशीलाल व अन्य इस पथराव में घायल हुए

**कामां, (निस)।** थाने के गांव राधानगरी में रविवार देर शाम को कोटा जिले के थाना इटावा पुलिस टीम ने कामां पुलिस को सहयोग लेते हुए दबिश देकर ऑनलाइन ठगी के मामले में वांछित आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। लेकिन परिवारीजन व ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिस दल पर लाठी व पथराव करना शुरू कर दिया और आरोपी को छुड़ा लिया। जबकि इटावा पुलिस का उपनिरीक्षक मुंशीलाल पुत्र किशनलाल सहित अन्य पुलिसकर्मी इस पथराव में घायल हो गए। जिसको कामां के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

- **कामां थाने के गांव राधानगरी निवासी मकबूल पुत्र निकका वांछित आरोपी था**

जहां से चिकित्सक राजपाल यादव ने उपनिरीक्षक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस के अनुसार कोटा जिले थाना इटावा के उपनिरीक्षक मंशीलाल सहित अन्य 4 पुलिसकर्मी कामां थाने के गांव राधानगरी निवासी मकबूल पुत्र निकका आनलाइन ठगी के मामले में वांछित होने पर यहां एएसपी हिम्मत सिंह से मिलकर आरोपी की हिरासत में लेने गांव राधानगरी पहुंची। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठाकर लाने लगे तो तभी आरोपी के परिजन व ग्रामीणों विरोध कर पथराव करना शुरू कर दिया। जिसमें इटावा पुलिस का उपनिरीक्षक मुंशीलाल पुत्र किशनलाल सहित अन्य पुलिसकर्मी इस पथराव में घायल हो गए। जिसको कामां के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक राजपाल यादव ने उपनिरीक्षक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# जाजू ने एक हजार खेजड़ी वृक्ष काटने की प्राथमिकी दर्ज कराई

## एफ आई आर में सात चिंकारा की मौत को भी शामिल किया है



जैसलमेर के सांवता गांव में सोलर प्लांट की बाउण्ड्री के पास खेजड़ी के कटे हुए पेड़ मिले।

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने पुलिस अधीक्षक जैसलमेर भंवरसिंह नाथावत से जिले के फतेहगढ़ तहसील के सांवता ग्राम में सोलर प्लांट की बाउण्ड्री के पास राज्य वृक्ष खेजड़ी के 7 मीटर से बड़े 1 हजार से अधिक वृक्ष काटने एवं 7 राज्य पशु चिंकारा की हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जाजू ने प्राथमिकी में बताया कि खेजड़ी राज्यवृक्ष व चिंकारा राज्यपशु है। चिंकारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची एक में श्रेणीबद्ध है एवं इसकी हत्या गैर जमानती अपराध है। जाजू ने पुलिस अधीक्षक से सोलर प्लांट मालिक एवं संचालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### आगामी आदेश तक बंद रहेंगे पट

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में 10 नवंबर को जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव की बैठक के बाद श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन व्यवस्था कराने को लेकर कार्य विस्तार के तहत मंदिर बंद रखने का आदेश देने के बाद श्री श्याम मंदिर कमेटी ने रविवार को निर्णय लेते हुए रविवार रात्रि 10:00 बजे से ही आगामी आदेश तक बाबा श्याम के पट बंद रखने का निर्णय किया गया है। हालांकि खबर प्रकाशित होने के बाद सोशल मीडिया पर फेक न्यूज़ घोषित की थी। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने अधिकृत घोषणा की है जिसके तहत श्रद्धालुओं की सुलभ दर्शन व्यवस्था को लेकर आगामी आदेश तक बाबा श्याम के पट बंद रखने का निर्णय किया गया है।

# डेंगू पॉजिटिव मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी

**बीकानेर, (निस)।** शहर में डेंगू पॉजिटिव मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को जिले में 19 डेंगू मरीज रिपोर्ट हुए हैं। डेंगू संभावित 260 लोगों की जांच की गई थी। उधर कोरोना पॉजिटिव का एक भी केस शनिवार को सामने नहीं आया।

हालांकि 230 लोगों की कोविड जांच शुक्रवार को हुई थी। सीएमएचओ डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार ने बताया कि मच्छर जनित रोग डेंगू की रोकथाम के लिए शहर में लगातार इंतजाम किए जा रहे हैं। लिली पोंड में गम्बूशिया मछलियां डाली गईं, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। उन्होंने बताया कि ठहरे साफ पानी में पैदा होने वाले मच्छर डेंगू को बढ़ावा दे रहे हैं।

- **डेंगू के 260 सैंपल लिए, 19 पॉजिटिव रिपोर्ट, कोरोना का एक भी केस नहीं**

ऐसे में अपने घरों के आसपास ठहरे पानी में खाने या मिट्टी का तेल डालें, ताकि मच्छरों को मारा जा सके। उन्होंने बताया कि हेल्थ डिपार्टमेंट के कार्मिकों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि वे एंटी लार्वा गतिविधियों को लगातार करें। पीबीएम हॉस्पिटल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. संजय कोचर ने बताया कि जिल में लगातार डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ मरीज इन दिनों बुखार को सामान्य बुखार समझने की गलती भी कर रहे हैं। जबकि वह डेंगू बुखार भी हो सकता है। किसी भी परिस्थिति में बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और उसका इलाज करवाएं।

### हत्या के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार

**जयपुर, (कासं.)।** कानोता इलाके स्थित सवाई चक जमीन पर बोरिंग के विवाद में दो पक्षों में खूनी जंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाधिकारी मुकेश खारड़िया ने बताया घटना नया मुकुंदपुरा गांव की है, जहां स्थित सवाई चक जमीन पर कई ग्रामीणों ने अपना-अपना कब्ज़ा किया हुआ है।

इस जमीन पर फूलचंद योगी (55) और तीन भाई मुकेश, देशराज और दौलत रैगर का भी कब्ज़ा है। घटनाक्रम के मुताबिक 11 नवंबर को आरोपित तीनों भाइयों ने मृतक फूलचंद योगी द्वारा कब्जाई जमीन की तरफ बोरिंग करने के लिए कहा था, नहीं करने देने पर फूलचंद को धमकी दी गई थी। 12 नवंबर को आरोपित देशराज, मुकेश और दौलत ने बोरिंग मशीन बुलवाकर गड्ढा खुदवाना शुरू कर दिया, जिसका फूलचंद योगी ने विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने लेथ डंडो से उस हमला बोल दिया। बचाव में आए फूलचंद के बेटे फैली से भी मारपीट कर दी। गंभीर हालत में फूलचंद को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे फैली की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित मुकेश और दौलतराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, तीसरा आरोपित देशराज मोबाइल घर में छोड़ कर फरार है।

# चोरी मामले में नेपाल से पकड़े गए आरोपी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के गोल्फकोर्स एरिया में गत रविवार को हैंडीक्राफ्ट व्यापारी के घर से करोड़ों की चोरी करके नेपाल भागे आरोपियों को पकडऩे उनके गांव कैलाली फुलिस पहुंची तो साथियों ने पुलिस पर ही हमला कर दिया। पुलिस से मुठभेड़ हुई, उनकी गाड़ी भी तोड़ दी। फिर भी पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ कर गाड़ी में बैठा लिया लेकिन उनमें से मुख्य आरोपी मंजू और उसका बहनोई भगत हथकड़ी छुड़ा कर भाग गए। आरोपी मंजू की बहन ज्योति, उसका बॉयफ्रेंड भरत और साथी हरीश को पुलिस जैसे-तैसे पकड़ कर उन्हें थाने ले गई।

नेपाल पुलिस अब मंजू और भगत की तलाश कर रहे हैं। नेपाल पुलिस ने वादा किया है कि वे इंटरपोल के माध्यम से होने वाली कार्रवाई पूरी कर शीघ्र ही सभी को जोधपुर पुलिस के हवाले कर देंगे। वहीं शनिवार को सूरत से पकडक़र लाए संदिग्ध आरोपी खेम बहादुर को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस कमिश्नर रविदत्त गौड और डीसीपी अमृता दुहन ने नेपाल के काठमांडू पीएचक्यू (पुलिस हेडक्वाटर को) लिखित पत्र भेजा है। नेपाल पुलिस शीघ्र ही चोरी का माल जोधपुर पुलिस को सौंप देगी। वहीं इंटरपोल की कार्रवाई पूरी होने के बाद आरोपी जोधपुर लाए जाएंगे।

- **हैण्डीक्राफ्ट व्यवसायी के चोरी मामला**

**मंजू ने ही बनाया था प्लान:-** लूट की मुख्य आरोपी मंजू उर्फ पूजा है, उसने अपने बॉयफ्रेंड भरत के साथ चोरी की पूरी साजिश रची थी। जोधपुर से भागने के बाद सभी आरोपी दिल्ली पहुंचे थे, यहां से मंजू और उसके साथी पिथोरागढ़ बॉर्डर से नेपाल में प्रवेश कर गए। यहां वे अपनी बहन ज्योति के यहां पहुंचे, ज्योति का पति भगत उनके साथ ही वहां पहुंचा था। पुलिस को सूचना मिली तो एक टीम नेपाल पहुंची और वहां की पुलिस से तालमेल बैठाकर आरोपियों की तलाश शुरू की। लोकेशन व तकनीकी आधार पर आरोपियों की सूचना मिलते ही ज्योति, भरत और साथी हरीश को गिरफ्तार किया।

# फर्जी जीएनएम दो दिन के रिमांड पर

**बीकानेर, (कासं)।** गजनेर सीएचसी में फर्जी तरीके से पिछले छह महीनों से नौकरी कर रहे नर्सिंगकर्मी रोहिताश को दो दिन के रिमांड पर लि या गया है। गजनेर थाना पुलि स ने आरोपी नर्सिंगकर्मी को श्रीकोल ायत न्यायाल य में पेश किया, जहां उसे दो दिन के रिमांड ल े ने के आदेश दिए गए।

गजनेर एसएचओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी युवक फर्जी नियुक्ति पत्र से पिछल े छह महीनों से सीएचसी में जीएनएम की नौकरी कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी से रिमांड अवधि के दौरान उसके द्वारा नर्सिंग कोर्स करने संबंधी डॉक्यूमेंट हासिल किए जाएंगे। आरोपी युवक रोहिताश ने पिछल े डेढ़ साल से अपने पिता के नाम से मेघासर गांव में क्लीनिक भी खोल रखी थी। क्लीनिक में वह मरीजों को दवाइयां देने और उनके ड्रिप चढ़ ाने का काम भी करता था। काफी समय से गजनेर सीएचसी कार्मिकों के साथ संपर्क में था। युवक को जब यह पता ल गा कि सीएचसी में अस्थाई तौर पर जीएनएम की पोस्टिंग हो रही है, तो उसने फर्जी तरीके से सीएमएचओ और बीसीएमएचओ के आदेश दिखाकर पोस्टिंग हासिल कर ली थी।

- **फर्जी नर्सिंगकर्मी रोहिताश के दस्तावेजों की जांच होगी**

### सब्जियों के भाव गिरे, किसान उदास

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय थोक व खुदरा सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव औंधे मुंह गिरने से किसानों के चेहरों पर उदासी देखी गई। वहीं फलों के भावों में भी पिछले कुछ दिनों से स्थिरता बनी हुई रहने के साथ मांग घटने से छोटे फल विक्रेताओं को नुकसान झेलना पड़ रहा है।

सब्जी विक्रेता गोपाल नेता ने बताया कि सब्जियों की आवक में डेढ़ सौ प्रतिशत वृद्धि होने के साथ मांग घटने से रविवार को आढ़त पर किसानों द्वारा लाई गई सब्जियों के खरीददार नहीं मिलने पर दामों में भारी गिरावट दर्ज की गई। उन्होंने भावों के गिरने के लिए किसानों को दोषी ठहराते हुए कहा कि बाजार में भाव अच्छे मिलने के समय चारों ओर से किसान द्वारा कच्ची पक्की जिंसों को ही मंडी में लाने की प्रवृत्ति से यह हालात बनते हैं।

### लापता छात्राओं के मामले में पुलिस ने युवक को दबोचा



बहरोड़ के विद्यालय की तीन स्कूली छात्राओं को ले जाने का आरोपी विशाल पुलिस गिरफ्त में।

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** अनैतिक घटनाओं का केंद्र बने बहरोड़ कस्बे में शनिवार को 3 स्कूली छात्राओं के विद्यालय में नहीं पहुंचने व छात्राओं के गायब हो जाने की खबर बहरोड़ क्षेत्र में आग की तरह से फैली तो बहरोड़ पुलिस प्रशासन हरकत में आया तथा तीनों स्कूली छात्राओं का बड़ी मशक्कत से पता लगाया। घटना के मामले में वृताधिकारी आनंद राव के निर्देशन में थाना अधिकारी बहरोड़ द्वारा गठित टीम के द्वारा गांव जागुवास निवासी 19 वर्षीय विशाल पुत्र राजपाल यादव को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि अलवर जिले का बहरोड कस्बा के नेशनल हाईवे पर स्थित होटलों में अनैतिक गतिविधियां बढ़ती जा रही है।

# भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक में मिशन 2023 विजय संकल्प में मजबूती से जुटने का आव्हान

## भाजपा सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ जनआक्रोश यात्रा करेगी

**झुंझुनूं, (निसं)।** वीर सपूता भूमि झुंझुनूं में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति का शुभारंभ रविवार सुबह 11:15 बजे किया गया, जिसमें उद्घाटन सत्र से लेकर समापन सत्र तक विभिन्न संगठनात्मक व राज्य के विषयों पर उद्बोधन हुए। प्रदेश कार्यसमिति का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद कनकमल कटारा, सीपी जोशी, नरेन्द्र खींचड़, प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी, संभाग प्रभारी मदन दिलावर इत्यादि ने किया।

प्रदेश कार्यसमिति में अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. सतीश पूनियां, उद्घाटन संबोधन अरूण सिंह, जनआक्रोश यात्रा पीपीटी व रूपरेखा प्रजेंटेशन चंद्रशेखर, शोक प्रस्ताव सीपी जोशी, राजनैतिक प्रस्ताव गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रखा, जिसका अनुमोदन अर्जुनराम मेघवाल, राजेन्द्र राठौड़, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदड़ा, कैलाश चौधरी ने किया और सभी प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से राजनैतिक प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से बदलते भारत की तस्वीर विषय पर विजया राहटकर ने संबोधित किया। वैचारिक एवं कार्ययोजना को लेकर चंद्रशेखर ने संबोधित किया और समापन सत्र को गुलाबचंद कटारिया ने संबोधित किया।

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त व्याप्त आक्रोश को जनता में मुखर बनाने के लिए भाजपा राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ जनआक्रोश यात्रा के माध्यम से 200 रथों के जरिए जनसंपर्क कर जन आंदोलन का आगाज करने जा रही है।



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते भाजपा नेता व पदाधिकारी।

- **कांग्रेस की सिर फुटव्वल सरकार पर इनके मंत्री ही हमले कर रहे हैं: अरूण सिंह**
- **यात्रा में 200 रथों के जरिए जनआंदोलन का आगाज किया जाएगा**

अरूण सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, कांग्रेस कांग्रेस सरकार के तुष्टिकरण , किसान कर्जमाफी की वादाखिलाफी , महिला दुष्कर्म के मामले , भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा पूरे राजस्थान में जन आक्रोश रैलियां निकालेगी। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा 8 करोड़ जनता तक संदेश जाएगा । कांग्रेस के मंत्री स्वयं कह रहे हैं कि आगामी चुनावों में फॉर्चुनर में बैठने की क्षमता के जितने ही विधायक जीतेंगे। कांग्रेस की सिर फुटव्वल सरकार पर इनके मंत्री ही बयानबाजी और हमले कर रहे हैं, इन्हें जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है, यह सर्कस सरकार है।

जनआक्रोश रथयात्रा पर चंद्रशेखर ने बताया कि शुभारंभ को लेकर 26 नवंबर को जयपुर में प्रेस वार्ता का आयोजन होगा, 27 नवंबर को सभी जिलों में प्रेस वार्ताओं का आयोजन होगा, 25 से 30 नवंबर सोशल मीडिया द्वारा अभियान चलाया जाएगा, 29 नवंबर को जयपुर से प्रदेश स्तरीय रथयात्रा की लॉंचिंग झण्डा दिखाकर की जाएगी, जिला स्तर पर 30 नवंबर को और विधानसभा स्तर पर 1 दिसंबर से रथयात्रा की लांचिंग होगी। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम चौपालों का 1 से 10 दिसंबर तक आयोजन होगा, प्रदेश स्तरीय पत्रकार वार्ता 11 दिसंबर को होगी, विधानसभा स्तरीय जनआक्रोश रैलियां 13 से 20 दिसंबर तक होंगी, इसके बाद जिला स्तर पर विशाल प्रदर्शन और पैदल मार्च कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

प्रदेश कार्यसमिति बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य, मोर्चों के प्रदेशाध्यक्ष, मोर्चो के राष्ट्रीय पदाधिकारी, मोर्चो के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी, सह-प्रभारी, जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ और विभाग के प्रदेश संयोजक, सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, महापौर और विस्तारक योजना संभाग प्रभारी शामिल हुए।